an>

Title: Need to address the acute shortage of water in Jaipur, Rajasthan.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान जयपुर शहर की पानी की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करता हूँ। जयपुर शहर में पेयजल आपूर्ति वर्तमान में बीसलपुर परियोजना से की जा रही है। मेरे संसयी क्षेत्र जयपुर (राजस्थान) से अभी भी बगरू व विद्याधरनगर का काफी क्षेत्र बीसलपुर पानी से वंचित है एवं ट्यूबवैलों में अपर्याप्त पानी, वह भी फ्लोराइडयुक्त होने के कारण हड्डियों की बीमारियां दिनोंदिन बढ़ रही हैं। शेष बचे हुए क्षेत्र को बीसलपुर योजना से जोड़ा जाए ताकि शुद्ध एवं पर्याप्त पीने का पानी मिल सके।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि जयपुर शहर के चारदीवारी क्षेत्र को रामगढ़ बांध से पूर्व में पानी की सप्लाई होती थी। रामगढ़ बांध पेयजल, सिंचाई एवं पर्यटन की दृष्टि से अहम स्थान रखता है। पूर्व में एशियाड खेल प्रतियोगिता भी रामगढ़ बांध में हुई थी। रामगढ़ बांध परियोजना को मेज बेसिन के अधिशेष पानी से जोड़ने हेतु विशेष पैकेज दे कर चालू कराया जाए, जिससे जयपुर की जनता को पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही माननीय प्रधान मंत्री जी की नदियों से नदियों से जोड़ने की योजना के तहत मेज बेसिन के अधिशेष पानी से रामगढ़ बाँध एवं कालख बाँध को जोड़ने से हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा।